05 हम्माल तुलावट यूनियन संघ के अध्यक्ष बने अजीम



06 बाड़ी में मतदाता जागरूकता की अनोखी ...




## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2445 | 4240 |
| गेहूं 1544 | 2025 | 3000 |
| चना | 3730 | 5965 |
| मसूर | 4000 | 5900 |
| सोयाबीन | 2500 | 4611 |
| सरसों | 2575 | 5050 |
| धान | 1200 | 3627 |
| तेवड़ा | 3000 | 4831 |

## खबर संक्षेप

### छात्र-छात्राएं 30 तक कर सकते हैं आवेदन

**विदिशा।** आकांक्षा योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जेईई, एनईईटी एवं सीएलईटी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवेदन जमा कराने की तिथि में संशोधन किया गया है। नवीन तिथि के अनुसार अब 30 अप्रैल तक आवेदन निर्धारित एमपी टॉस्क पोर्टल www. tribal. mp.gov.in पर ऑन लाइन जमा किए जा सकते हैं। जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो कक्षा दसवीं में अध्ययनरत है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में सम्मिलित होना चाहते है वे आकांक्षा योजना के तहत निर्धारित नवीन जारी तिथि 30 अप्रैल तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

### सप्लीमेंट्री आने पर आत्महत्या की कोशिश

**विदिशा।** 18 वर्षीय छात्रा ने बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद निराश हो गई और रात को उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी तबीयत खराब होने पर मां और बड़ी बहन उसे जिला चिकित्सालय में लेकर पहुंचे जहां। उसको भर्ती किया गया, अब छात्रा का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक छात्रा 12वीं कॉमर्स विषय की स्टूडेंट थी। रिजल्ट में उसे एक विषय में सप्लीमेंट्री आई। इसी बाद से दुखी होकर छात्रा ने तनाव में आत्महत्या का कोशिश की।

### मॉर्निंग एक्टिविटी 27 अप्रैल को होगी

**विदिशा।** स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता लाने 10 दिवसीय मेगा इवेंट्स कार्यक्रम के तहत 27 अप्रैल शनिवार की सुबह 6.30 बजे माधव उद्यान में मॉर्निंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया है। जिसमें वृद्ध मतदाता एवं मॉर्निंग वॉकर्स शामिल होंगे। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता की शपथ का वाचन कराया जाएगा।

### जागरुक करने 29 को बनाएंगे मानव श्रृंखला

**विदिशा।** स्वीप गतिविधि अंतर्गत 29 अप्रैल सोमवार को पालक शिक्षक मीटिंग थीम पर जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में मतदाता जागरूकता की शपथ का वाचन किया जाएगा। मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के प्रति लोगों को जागरुक किया जाएगा। जिसमें समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय सहयोगी होंगे।

### स्वीप गतिविधियों के बाद भी पिछले चुनावों में सामने नहीं आए अच्छे परिणाम

# मिशन 10 दिन: मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रोजाना पूरी ताकत झोंकेगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने गुरूवार को स्वीप पार्टनरों से चर्चा की। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव के दरम्यिान विदिशा जिले में सर्वाधिक मतदान हो इसमें स्वीप पार्टनरों की महती भूमिका है। कलेक्टर ने शासकीय एवं अशासकीय सभी स्वीप पार्टनरों से कहा है कि अगले 10 दिन में मतदाता जागरूकता पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए जो जिले में एकरूपता में आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिले में 11 लाख से अधिक मतदाता हैं। उन सब तक मतदाता जागरूकता के तहत मतदान तिथि सात मई को संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान जरूर करें ताकि विदिशा जिला सर्वोच्च मतदान के प्रतिशत के मामलो में रिकार्ड दर्ज कर सकें।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने कहा कि मतदान प्रतिशत के मामले में जिला पिछड़े न इसके लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जिले में किया जा रहा है, लेकिन उसके परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। अब मतदान तिथि के पूर्व वृहद मेगा ईवेंट सम्पूर्ण जिले में एकरूपता के अनुसार आयोजित किए जाएंगे ताकि लाखों मतदाताओं को एक ही स्ट्रोक में संदेश सम्प्रेषण का कार्य हो सकें। जिसके तहत मार्निंग एक्टिविटी व शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विदिशा शहर में खासकर माधव उद्यान सहित अन्य उद्यानो में एकजाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद जिले के समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालयों में मानव श्रृंखला, शपथ वाचन व पालक शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया है। फिर मशाल, साइकिल, स्कूटी व वॉक मैराथन होगी। इसके बाद नारी शक्ति करे मतदान मिलके बढाए विदिशा का मान थीम पर आयोजन कार्यक्रम होगा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ट्रेक्टर रैली, कलश यात्रा एवं फन फेयर जैसे आयोजन सहित पुलिस एवं अन्य सुरक्षा दल का मार्च पास्ट भी होगा।

### विदिशा करेगा शत-प्रतिशत मतदान की थीम पर आयोजन

कलेक्टर के मार्गदर्शन में विदिशा नगरीय क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विदिशा करेगा शत-प्रतिशत मतदान की थीम पर 10 दिवसीय मेगा इवेंट्स कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर योगेश भरसट ने बताया कि मिशन 10 डेज के मेगा इवेंट्स अंतर्गत 27 अप्रैल को मॉर्निंग एक्टिविटी, 29 अप्रैल को पालक शिक्षक मीटिंग का आयोजन, 30 अप्रैल को बाइक रैली, मशाल रैली, साइकिल रैली, पैदल रैली



आयोजन के अलावा 1 मई को सेमिनार, वेबीनार, फन फेयर एवं शपथ आयोजन, 2 मई को मतदाता मनुहार पाती, दस्तक अभियान (डोर टू डोर्स कैंपेन) एवं पीले चावल वितरण, 3 मई को चुनाव पाठशाला, नुक्कड़ नाटक, 4 मई को कार रैली, ट्रैक्टर रैली, 5 मई को कलश यात्रा एवं फन फेयर कार्यक्रम का आयोजन, 6 मई को पुलिस विभाग द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा।

### बाइक, मशाल एवं साइकिल रैली एवं वॉक मैराथन 30 को

मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए 30 अप्रैल मंगलवार शाम 5 बजे से बाइक रैली, मशाल रैली एवं साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। मतदाता ने ठाना है, शत प्रतिशत मतदान करना है की थीम पर बाइक रैली, मशाल रैली, साइकिल रैली, स्कूटी रैली, वॉक मैराथन अलग-अलग स्थान से प्रारंभ होंगी जो जिला खेल स्टेडियम में पहुंचेंगी जहां म्यूजिकल फन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। वहीं जागरूकता का संदेश देने के लिए 4 मई शनिवार को कार एवं ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी।

# गर्मी में कम हो जाता है रक्तदान ब्लड बैंक में आई खून की कमी

**थैलेसीमिया के मरीज** और एक्सीडेंट में घायल होकर आए लोगों को मुश्किल से रक्त की पूर्ति हो पा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में इन दिनों सभी रक्त समूहों की कमी देखी जा रही है। खासतौर पर थैलेसीमिया के मरीज और एक्सीडेंट में घायल होकर आए मरीजों को जरूरत पड़ने पर मुश्किल रक्त की पूर्ति हो पा रही है।

जरूरत पड़ने पर रक्तदान करने वाले समाजसेवियों को बुलाकर रक्तदान कराया जा रहा है। ब्लड बैंक के प्रभारी ने बताया कि तेज गर्मी और आचार संहिता के चलते ब्लड डोनेशन कैंप भी अभी संचालित नहीं हो पा रहे हैं। जिसकी वजह से यह कमी देखी जा रही है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन के लिए लोगों को आने की अपील की है। ब्लड बैंक प्रभारी डा धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया की समाज द्वारा रक्तदान करने का संकल्प लिया गया है तो वहीं अगले महीने भी एक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा भी रक्तदाता ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर सकते हैं।

## कलेक्टर ने नोटिस जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने शासकीय महाविद्यालय विदिशा के प्राध्यापक डॉक्टर सतेन्द्र सिंह को निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर शोकाज नोटिस जारी किया है। तीन दिवस में अपना स्पष्टीकरण समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

शासकीय महाविद्यालय विदिशा के प्राध्यापक डॉक्टर सिंह के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की ड्यूटी से मुक्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिस पर जिला मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

### 40 डिग्री पर तापमान, 12 बजे के बाद निकलना मुश्किल



विदिशा। गुरुवार को मौसम का मिजाज गर्म रहा। दोपहर 12 बजे के बाद गर्म हवा भी चली। तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया है और दोपहर के बाद बाजार में सूनापन दिखाई देने लगा है। लोग घरों में ही रहना पसंद कर रहे हैं।

# काम के लिए शहर के दो चौराहों पर चिलचिलाती धूप में रोज खड़े होते हैं 200 से अधिक मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर में साल के 365 दिन खुले आसमान के नीचे खड़े होकर सैकड़ों की संख्या में मजदूर रोजी रोटी की तलाश करते हैं। इनको बैठने और इनके सर को ढकने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। फिलहाल में शहर में दो ऐसे ठिकाने हैं। जहां पर काम की तलाश में सैंकड़ों मजदूर सुबह से लेकर दोपहर तक खड़े रहते हैं।

पीतलमील चौराह और श्यामा प्रसाद शुक्ल चौराहे पर मजदूर सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक काम के इंतजार और मजदूरी की तलाश में इन जगहों पर डेरा डाले रहते हैं। इन मजदूरों के लिए न तो बैठने के लिए कोई व्यवस्था की गई और न ही इनके सर पर छाया का इंतजाम किया गया। साल के 12 महीने तक यहां पर 200 से 500 मजदूर खुले आसमान के नीचे काम की तलाश में खड़े रहते हैं। कुछ साल पहले श्यामा प्रसाद शुक्ल चौराहे पर इन मजदूरों को बैठने के लिए एक प्रतीक्षालय का इंतजाम किया गया था। लेकिन रख-रखाव न होने के चलते यह प्रतीक्षालय जर्जर हालात में पहुंच गया है।

श्यामा प्रसाद शुक्ल चौराहे पर जो प्रतीक्षालय बनाया था जो अब टूटने की कगार पर है। इस चौराहे पर रोजाना 200 से यादा मजदूर और



दिहाड़ी पर काम करने वाले कर्मचारी और मिस्त्री काम की तलाश में यहां पर आते हैं। इसी तरह के हालात पीतलमील चौराहे पर भी बने हुए हैं। पीतलमील चौराहे पर तो और भी ज्यादा मजदूरों का डेरा रहता है। यहां पर काम की तलाश में आने वाले मजदूरों को बैठने तक के लिए जगह नहीं हैं। वे सड़क किनारे बने नाले के पास बैठकर काम की तलाश करते हैं। सबसे यादा परेशानी बारिश और गर्मी के सीजन में होती है।

## कार्रवाई नहीं होने से सड़कों पर फिर पसरता जा रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर यातायात बिगड़ा हुआ है। हर चौराहे पर हर रास्ते पर अतिक्रमण पसरा हुआ है। इस बिगड़ी हुई व्यवस्था को सुधारने की कोशिश किसी भी स्तर पर नहीं हो रही है। यही वजह है कि शहर के तमाम रास्तों पर दोपहर से लेकर देर रात तक जाम के हालात बने रहते हैं। जबकि थोड़े प्रयास किए जाएं तो शहर को बिगड़े हुए ट्रेफिक और बार-बार लगने वाले जाम से बचाया जा सकता है। कई अधिकारी आए और गए खूब प्लान तैयार किए खूब बैठकों को दौर चला। लेकिन नतीजा निकल सामने नहीं आया। बुधवार को ही शहर का ट्रेफिक बिगड़ा हुआ था। रेलवे स्टेशन, खरीफाटक रोड, माधवगंज रोड, पीतलमील चौराहे, बड़ा बाजार, तिलक चौक, बाल विहार , रामलीला चौराहे सहित शहर के अन्य स्थानों जाम के हालात बनते रहे। जब कभी कार्रवाई की तैयारी होती भी है तो अस्थाई ठेलों, गुमठियों और फुटपाथियों को हटाकर काम पूरा कर लिया जाता है। पक्के अतिक्रमण को साफ कर नगर को सुविधायुक्त और आवागमन को आसान बनाने की पहल वर्षों में भी नहीं दिखी।

# किसानों को राहत: बारिश और ओलावृष्टि में खराब हुई उपज को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

असामयिक बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण गेंहू की फसल प्रभावित ( लस्टर लॉस) हो जाने के कारण रबी विपणन वर्ष 2024-25 मे समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन में 0 से 30 प्रतिशत तक लस्टर लॉस बगैर वेल्यूकट के उपार्जन करने की अनुमति जारी की गई है। कलेक्टर श्री वैद्य ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए बताया कि एफएक्यू अनुसार निर्धारित मापदण्ड में शिथिलता की गई है के अनुसार श्रीवल्ड एंड ब्रोकन ग्रेन्स में 15 प्रतिशत तथा लस्टर लॉस में शिथिलता वृद्धि उपरांत निर्धारित सीमा प्रतिशत 50 एवं डैमेज्ड ग्रैन एवं स्लाइटली डैमेज्ड ग्रैन को मिलाकर शिथिलता (वृद्धि) उपरांत निर्धारित सीमा प्रतिशत 6 कर दिया गया है।

नए निर्देश के अनुसार एफएक्यू मापदंड में प्रदान की गई शिथिलता की सीमा तक उपार्जित गेंहू पर पूर्ण समर्थन मूल्य की राशि मय राज्य बोनस (2275+125) 2400 रुपए के मान से किसानों को भुगतान की जाए। मापदंड में शिथिलता अनुसार उपार्जित गेंहू के बोरों पर जेड मार्का लाल रंग की स्याही से लगाकर किसानवार पृथक से उपार्जन केन्द्र एवं गोदाम में स्टेकिंग कराई जाए। बोरो पर जेड मार्का इस प्रकार लगाया जाए की वह स्पष्ट रूप से दर्शित हो। उपार्जन केन्द्र के लॉगिन से गेंहू की मात्रा एवं प्रतिशत की जानकारी ई उपार्जन पोर्टल पर प्रविष्टि अनिवार्य रूप से कराई जाए। उपार्जन केन्द्रों से मापदंड में शिथिलता अनुसार उपार्जित गेंहू का अलग- अलग ट्रकों में परिवहन कराया जाए तथा प्रत्येक ट्रक चालान पर चमकविहीन गेंहू का प्रतिशत अंकित किया जाए। एक ट्रक मे दोनों प्रकार के गेंहू का परिवहन नहीं कराया जाएगा।

शिथिलता अनुसार गेंहू की प्राप्ति भंडारण स्तर पर होने पर गोदाम प्रभारी द्वारा किसानवार गेंहू का परीक्षण किया जाएगा एवं किसानवार गेंहू के प्रतिशत का मैन्युअल एवं ऑनलाईन जारी किए जाने वाले स्वीकृति पत्रक में प्रविष्टि करेगा।

### छात्रों ने मतदाताओं को किया जागरुक

**विदिशा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरुक किया गया। 7 मइ को अपने मत का प्रयोग करने के बारे में बताया गया। खास तौर से राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर विजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि विदिशा शहर की बुजुर्ग दिव्यांग एवं गणमान्य मतदाता एवं महिलाओं को मतदान मैं अपने मत की सहभागिता बढ़ चढ़कर करना चाहिए। अपने आसपास के मतदान केंद्र पर अगर कोई असहाय बुजुर्ग हो दिव्यांग हो उनको मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए मदद करना चाहिए देश का गर्व चुनाव पर्व में अपनी सहभागिता करेंगे राष्ट्रहित के लिए। सबका सहयोग हो जाए और अनुशासन में रहते हुए हमें अपनी मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए मतदान में सहभागिता करें।

## सात वर्ष बाद भी नहीं बना नया कांजी हाउस पुराने की हालत भी खस्ता, सड़कों पर मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सड़कों पर आवारा घूमते पशुओं से हो रही समस्या को दूर करने के लिए वर्ष 2016 में 29 लाख की लागत का कांजी हाउस बनना तय हुआ था, लेकिनसात वर्ष बाद भी इसका कार्य अधूरा है। वहीं दूसरी ओर पुराने कांजी हाउस की हालत खराब है। ऐसे में सड़कों पर से पशु नहीं हट नहीं पा रहे और समस्या जस की तस बनी हुई है। मालूम हो कि शहर में आवारा पशुओं की समस्या वर्षों से बनी हुई है। सड़क पर से इन पशुओं को हटाने के लिए प्रशासन द्वारा जोर दिया जाता रहा है लेकिन इस प्रमुख जरूरत को लेकर अनदेखी की जाती रही और यह कांजी हाउस सात वर्ष बाद भी अपने स्वरूप में नहीं आ पाया है।

मिली जानकारी के मुताबिक शहर में वर्षों पुराना इकलौता कांजी हाउस होने से अधिक क्षमता के बड़े क्षेत्र में कांजी हाउस के निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई थी। इसके तहत नए कांजी हाउस के लिए बेस नगर में दुग्ध संयंत्र के पास स्थान तय हुआ था। करीब उनतीस लाख रुपए का स्टीमेट बनाया गया पर कार्य पूरा नहीं हो पाया है। वर्ष 2016 में यह स्वीकृत हुआ और शुरूआती समय में इसका कार्य भी शुरू था और उस दौरान दो वर्ष में कांजी हाउस के नाम पर सिर्फ शेड डल पाया था और पेबर ब्लाक लगाए गए थे, लेकिन इसके बाद से पिछले कई वर्षों से इसका कार्य बंद है। हालत यह कि पहले यह कांजी हाउस बेस पुल पर से देखा जा सकता था लेकिन अब लोगों की नजरों से ओझल है।

एक बड़े क्षेत्र में बनने वाला यह कांजी हाउस चारों तरफ बंद और इसका मुख्य गेट अक्सर लगा रहता है और गेट के अंदर कांजी हाउस होने का अहसास नहीं होता। इस कांजी हाउस की महती जरूरत इसलिए कि इन छह वर्षों में पशुओं की संख्या बढ़ती गई और शहर में प्रमुख सड़कों सहित चौराहों, पुलों आदि पर बड़ी संख्या में पशुओं का हर दिन जमावड़ा लग रहा और हादसों का हमेशा डर बना रहता है।

**इसी हफ्ते में दो देहदान हुए:** खिलान सिंह जाटव ने 10 जनवरी 2021 को देहदान का संकल्प लेकर वसीयत लिखी थी

# विदिशा मेडिकल कॉलेज में 19वां देहदान हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मेडिकल कॉलेज में 19 वा देहदान हुआ स्वयं की देहदान वसीयत लिखने के बाद विदिशा जिले में मरणोपरांत देहदान एवं नेत्रदान के संकल्प पत्र भरवाने का मिशन देहदानी विकास पचौरी द्वारा कुछ वर्ष पूर्व शुरू किया था। जिसका सार्थक परिणाम अब आना शुरू हो गया है।

इसी हफ्ते में दो मृत शरीरों का देहदान पूर्ण हुआ है। जिन्हें मिलाकर अब विदिशा मेडिकल कॉलेज में दान किए गए पार्थिव शरीरों की कुल संख्या 19 हो गई है। विदिशा जिले के कस्बाखेड़ी निवासी खिलान सिंह जाटव ( नेताजी ) जी ने 10 जनवरी 2021 को मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प लेकर वसीयत लिखी थी। जिसमें जिक्र था कि मेरी मृत्यु के बाद पार्थिव शरीर को किसी भी मेडिकल कॉलेज में दान कर दिया जाए। ताकि यह शरीर पीड़ित मानवता के काम आ सके। अभी कुछ दिन से खिलान सिंह बीमार थे और मेडिकल कॉलेज विदिशा में इनका इलाज चल रहा था बीते दिवस 25 तारीख की सुबह इन्होंने अंतिम सांस ली। इसके बाद खिलान सिंह के पार्थिव शरीर को पहले उनके पैतृक गांव कस्बा खेड़ी ले जाया गया। जहां गांव में परिवार जनों ने एवं ग्राम वासियों ने श्रद्धांजलि देकर देहदान यात्रा निकाली जो कि कस्बा खेड़ी से अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज विदिशा पहुंची। खिलान सिंह जाटव के पुत्र सेवाराम जाटव, अरविंद जाटव, अंकित जाटव, अमित जाटव द्वारा समाजसेवी विकास पचौरी से सहयोग लेकर इनके मृत शरीर को दान कर दिया।



**पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भी रहे:** खिलान सिंह जाटव समाजसेवा के कार्यों में संलग्न थे। प्रमुख रूप से वह आरएसएस से जुड़े थे। यह पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नटेरन भी रहे।

### एनाटॉमी हाल में श्रद्धांजलि सभा हुई

खिलान सिंह के देहदान के समय मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी हाल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ मनीष निगम,डॉ सुनील नंदेश्वर, डॉ मनीषा विजयवर्गीय, डॉ ओम प्रकाश गौर, राकेश परिहार, संतोष कुशवाह एवं समाजसेवी डॉ जीके माहेश्वरी, कमल जौहरी, काके भाई, विकास पचौरी सहित खिलान सिंह जाटव के परिवारजन एवं ग्रामवासी इष्ट मित्रो ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4450
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2980
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2150
उच्चतम भाव- 2280
चना
न्यूनतम भाव- 4200
उच्चतम भाव- 6101
मसूर
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-6100
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-4640
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5420
सरसों
न्यूनतम भाव-3210
उच्चतम भाव-5840
अलसी
न्यूनतम भाव-4340
उच्चतम भाव-4705
धान
न्यूनतम भाव-3115
उच्चतम भाव-3201
बटरी
न्यूनतम भाव-3510
उच्चतम भाव-7800
तुअर
न्यूनतम भाव-9410
उच्चतम भाव-9410
धनिया
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-5100
इमली
न्यूनतम भाव-1910
उच्चतम भाव-1910
मैथी
न्यूनतम भाव-5330
उच्चतम भाव-5330

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरूवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 36239 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई चल रही है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### साधना का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**गंजबासौदा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेठ की कक्षा 12 जीव विज्ञान संकाय की छात्रा साधना तिवारी ने बायोलॉजी संकाय में 500 में से 411 अंक के साथ 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने ग्राम व परिवार का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालयीन स्टाफ, परिवारजन एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### लकी का सुयश



**गंज बासौदा।** सेंट एस आर एस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 5 के छात्र लकी पुत्र तुलाराम चौकसे ने बोर्ड परीक्षा में 400 में से 314 अंक के साथ 78.5.प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंश की इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ, परिवार जन एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नुक्कड़ सभाएं कर आमजन से संवाद किया, गंजबासौदा में रोड-शो

# कांग्रेस की कुंडली में राहु केतु दोनों ही बैठ गए हैंः पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा संसदीय सीट से लोकसभा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को गंजबासौदा विधानसभा के ग्राम मानोरा से जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया और जगदीश स्वामी के मंदिर में दर्शन-पूजन कर देश व प्रदेशवासियों के मंगल और कल्याण की कामना की। पूर्व सीएम ने बासौदा विधानसभा के कई गांवों में पहुंचकर नुक्कड़ सभाएं कर आमजन से संवाद किया। साथ ही गंजबासौदा में रोड-शो किया।

इस दौरान पूर्व सीएम शिवराज सिंहे चौहान ने कहा कि हम राजनीति में केवल दो ही उद्देश्यों से हैं। पहला देश की सेवा और दूसरा जनता की सेवा। मैं आपकी जिंदगी बेहतर बनाने में अपनी अंतिम सांस तक लगा दूंगा, किसी पद की ख्वाहिश नहीं है। जनता की सेवा कर ये जिंदगी सफल और सार्थक हो जाए। मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। गंजबासोदा में त्योंदा रोड से मुख्य मार्गों पर राजेंद्र नगर तक देर रात तक पूर्व मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत चलता रहा। खबर लिखे जाने तक आमजन मानस अपने जन नायक का पलक पावड़े बिछा कर इंतजार करती रही और जब बहनों के भईया आए तब जनता जनार्दन ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्र के विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, भाजपा नेता राजेश तिवारी, नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मनोज यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र मैना, जिला मंत्री चंद्र शेखर दुबे, नितिन यादव, योगेन्द्र समैया, कन्नू यादव, हिमांशु यादव, अमृतांशु यादव सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता सहित आम जन मानस उपस्थित था।

इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राहु-केतु दोनों कांग्रेस की कुंडली में बैठ गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि अमेरिका में एक कानून बना है, जिसके तहत आपके मरने के बाद आपकी अर्जित की हुई सम्पत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के खाते में चला जाएगा। पूर्व सीएम ने कहा कि ये भारत है, यहां तो माँ-बाप पेट काट-काट कर बेटे-बेटियों के लिए थोड़ा बहुत बचा पाते हैं और कांग्रेस कह रही है कि हम मर गए तो 55 प्रतिशत सरकार के खाते में जाएंगे और तुम्हारे बच्चों को 45 प्रतिशत ही मिलेगा। ये पता नहीं कहाँ की सोच है। कांग्रेस की बुद्धि पर मंथरा बैठ गई है, उलटे-सीधे फैसले कर रहे हैं। राहु-केतु दोनों ही कांग्रेस की कुंडली में बैठ गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस में बचा क्या है। उनकी सबसे बड़ी नेता मैडम सोनिया हार के डर से चुनाव नहीं लड़ रही हैं, उन्होंने राज्यसभा में बैकडोर से एंट्री ले ली है। राहुल गांधी अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए हैं। रणछोड़दास बन गए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि आयोध्या में राममंदिर का नर्माण हुआ और रामलला विराजमान हुए। बहनें दीप जला रही थी, नौजवान भगवा पताकाएं लहरा रहे थे। पूरा देश खुशियां मना रहा था। यहां तक की आयोध्या का अंसारी परिवार जिसने सुप्रीम कोर्ट में बाबरी मस्जिद का केस लड़ा, उन्होंने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लिया। वहीं निमंत्रण सोनिया गांधी, राहुल गांधी और खड़गे सहित कांग्रेस को भी मिला था, लेकिन उन्होंने लिखित में कहा हम नहीं जाएंगे मुहूर्त खराब है। पूर्व सीएम ने कहा कि मुहूर्त तो कांग्रेस का ही खराब है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विदिशा संसदीय क्षेत्र की तस्वीर और जनता की तकदीर बदलना है। यहां विकास के कामों को आगे बढ़ाना है। चाहे पूरे क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था हो, चाहे पाइप डालकर घर-घर पानी पहुंचाना हो, बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पढ़ाई हो, हर क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। बेटा-बेटी के लिए सीएम राइज स्कूल खोले गए हैं, मेडिकल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए फीस माता-पिता नहीं बल्कि राज्य सरकार भर रही है। उन्होंने कहा कि मैं नेता नहीं आपका परिवार हूं। मैं आपका भाई हूं, बुजुर्गों का बेटा हूं और बच्चों का मामा हूं। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जन-आशीर्वाद यात्रा विधानसभा के 80 से भी ज्यादा गांवों में पहुंची। इस दौरान आमजन ने शिवराज सिंह चौहान का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। महिलाओं ने भैया शिवराज को अक्षत-चंदन का तिलक लगाकर आरती उतारी और हाथ में पैसे रख दिए। भांजे-भांजियों ने भी मामा-मामा पुकारते हुए शिवराज से भेंट की और उन्हें अपने गुल्लक भेंट किए। बुजुर्गों ने पूर्व सीएम के सिर पर हाथ फेर कर उन्हें विजयी भवः का आशीर्वाद दिया। युवाओं ने शिवराज सिंह चौहान के गले में फूलों की माला पहनाकर और हाथ मिलाकर खुशी जाहिर की। पूर्व सीएम ने भी अपार समर्थन के लिए जनता का हाथ जोड़कर, शीश झुकाकर अभिवादन किया।

## पुजारियों को नहीं मिला एक वर्ष से मानदेय, हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

त्योंदा क्षेत्र के पुजारियों ने तहसीलदार को एक आवेदन दिया। जिसमें शीघ्र मानदेय दिए जाने की मांग की गई। सौंपे गए आवेदन में कहा गया है की वह शासन संधारित मंदिरों में नियमित पूजन करते हैं। उन्हे मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक कोई मानदेय नहीं दिया गया है। जिससे परिवार के भरण पोषण में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार आवेदन दिए गए हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आवेदन में पुजारियों ने शासन से शीघ्र मानदेय दिए जाने की मांग की है। इस मौके पर महंत कृष्णगोपाल दास, सतीश दुबे,मनोज दुबे, नीरज कुमार दुबे, सीताराम पुजारी रसूलपुर आदि उपस्थित थे।

## पाप का नाश करने हुआ भगवान श्रीराम का अवतार : कथा व्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इमलाधाम पर चल रही श्रीराम कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास प्रेमहानंद महाराज ने कथा में श्री राम जन्मोत्सव के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब जब पृथ्वी पर पाप, अत्याचार बढता है तथा रावण, कुंभकरण, मेघनाद जैसे पापियों का उद्धार करने के लिए भगवान का अवतार होता है। उन्होंने श्रीराम चरित मानस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम कथा हमें संसार में भाई बहन, माता पिता, स्त्री, सेवक, स्वामी, सखा आदि के धर्मों को सिखाती है। भगवान राम का जीवन एक मर्यादित जीवन रहा। यह रामकथा हमें हमारे आदर्शों के प्रति सजग रहना,धर्म के प्रति हमेशा आगे रहना सिखाती है। अन्य चरित्रों का वर्णन करते हुए श्री नारद मुनि चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास ने कहा कि नारद जी जैसे ज्ञानी संत, भगवान की माया मोह में फंस गए और उस मोह के कारण उन्होंने श्री हरि विष्णु को श्राप दे दिया कि हे श्री हरि विष्णु जिस प्रकार मैं स्त्री वियोग में तडप रहा हूं, ऐसे ही जब त्रेता युग में राम अवतार होगा तब आप भी वन वन स्त्री के वियोग में तडपते फिरोगे। जब भगवान की माया नारद जी के मस्तक से हटी तब नारद जी ने भगवान के चरणों में स्तुति की। साथ ही कथा व्यास ने प्रताप भानु चरित्र, रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद आदि की जन्म कथा को सुनाया। इमलाधाम पर सैकडों श्रद्धालु कथा में पहुंच रहे हैं। कथा के मुख्य यजमान गणेशराम रघुवंशी, किशन अग्रवाल, नरेश साहू एवं अन्य श्रद्धालु गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं अन्य लोगों ने भी कथा में शामिल होकर कथा व्यास का सम्मान किया और कथा श्रवण कर

### बेहतर रहा सिरनोटा उमावि का परीक्षा परिणाम

**गंजबासौदा।** शासकीय उमावि सिरनोटा का भी हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। विद्यालय प्राचार्य विजय सिंह रघुवंशी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार गत दिवस घोषित किए गए बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय की हाईस्कूल की छात्रा मुस्कान बी ने 83.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। वहीं हायर सेकंडरी परीक्षा में प्राची साहू ने 88.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार, विद्यालय एवं ग्राम का गौरव बढाया है। विद्यालय का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 89.3 प्रतिशत और हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम 82.5 प्रतिशत रहा। विद्यालय प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों एवं शाला के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।


## बोर्ड परीक्षाओं में नगर के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन











**गंजबासौदा।** कक्षा दसवीं की छात्रा शिखा पुत्री संतोष सविता रैकवार ने हाईस्कूल परीक्षा में 500 में से 268 अंक अर्जित कर परीक्षा पास की है। शिखा की उपलब्धि पर उसके परिजनों, शिक्षकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

दूसरी ओर रिशिका बुंदेला पुत्री घनश्याम रूचि बुंदेला ने हायर सेकंडरी परीक्षा में 500 में से 472 अंक अर्जित कर परीक्षा पास की है। रिशिका की उपलब्धि पर उसके परिजनों, शिक्षकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

वहीं हाईस्कूल परीक्षा में इंशा रंगरेज पुत्री रिजवान राजिया ने अपनी परीक्षा में 500 में से 308 अंक अर्जित कर परीक्षा पास की है। इंशा की उपलब्धि पर उसके परिजनों, शिक्षकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

वहीं हाईस्कूल परीक्षा में वेदिका राजपूत पुत्री रमेश रेखा राजपूत ने ने अपनी परीक्षा में 500 में से 438 अंक अर्जित कर परीक्षा पास की है। वेदिका की उपलब्धि पर उसके परिजनों, शिक्षकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

वहीं कक्षा 8 की परीक्षा में प्रिंस रैकवार पुत्र संतोष जयंती रैकवार ने अपनी परीक्षा में 600 में से 484 अंक अर्जित कर परीक्षा पास की है। प्रिंस की उपलब्धि पर उसके परिजनों, शिक्षकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बसों की छत पर सवारियों को बैठाकर करवा रहे यात्रा



**गंजबासौदा।** इन दिनों कई बस संचालक नियमों की अनदेखी कर और जोखिम उठाते हुए बसों की छतों पर भी सवारियों को बैठाकर यात्रा करवा रहे हैं। पिछले कुछ समय में बस चालकों की लापरवाही से हुए अनेक हादसों के बाद भी प्रशासन और बस संचालकों ने सबक नहीं लिया है और आए दिन बस संचालकों की लापरवाही के नजारे देखने को मिल जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन एवं पुलिस के जवान एवं अधिकारी कर्मचारी भी ऐसी जोखिम भरी लापरवाही के मूकदर्शक बने रहते हैं। चित्र ग्राम उदयपुर में पुलिस चौकी के सामने से गुजर रही बस का है। जिसमें छत पर भी दर्जनों यात्रियों को बैठाकर यात्रा करवाई जा रही है। जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर दंगल का किया आयोजन

# बजरंग अखाड़े के पहलवानों ने दिखाए दांव पेंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विजय टॉकीज के पास स्थित 120 वर्ष प्राचीन बजरंग अखाड़े में दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें पहलवानों ने दांव पेंच लगाकर एक दूसरे को पटकनी दी। वहीं लाठी, बनेटी चलाकर अपनी कला का भी प्रदर्शन किया। समापन के बाद विजेता पहलवानों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। ज्ञात हो कि 120 वर्ष प्राचीन बजरंग अखाड़े में सबसे अधिक युवा पहलवानों से लेकर बच्चे भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। अखाड़े के पहलवानों ने बताया कि मिट्टी के अखाड़े में दंगल भारत की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। सैकड़ों बच्चे और नौजवान अपने पुष्ट शरीर का निर्माण करते हैं और कुश्ती को बरीक दांव पेंच सीखते हैं। उस्ताद सुनील ताम्रकार ने बताया की अखाड़े की स्थापना 120 साल पहले उस्ताद देव सिंह जाट ने की थी। अखाड़े में युवतियां भी कुश्ती के साथ आत्मा रक्षा के लिए लाठी का अभ्यास करनें व्यायाम शाला का सहयोग लेती है। 100 से अधिक बच्चियों ने कुश्ती और लाठी का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस अखाड़े से निकले कई महिला पुरूष पहलवानों ने राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम फहराया है। सुनील ताम्रकार ने बताया कि वर्तमान अखाड़े में आने वाले नौजवान अनुशासित जीवन जीते हैं। सुबह शाम व्यायाम शाला में दंड बैठक, डबल बार, वेट लिफ्टिंग सहित कई तरह की कसरत करवाई जाती है। अखाड़े में जोर अजमाइश होता है जिसमें दाव पेंच के साथ बुद्धि, चुस्ती फुर्ती, एकाग्रता की बेहद आवश्यकता रहती है। मिट्टी के अखाड़े में पवित्रता का पूरा ध्यान रखा जाता है। अखाड़े की पूजन होती है। वहीं उसकी मिट्टी को तैयार करने के लिए उसमें घी, मठ, तेल, हल्दी, बेसन, नींबू मिलाया जाता है। प्रतिदिन उलट पलट कर उसे नया बनाया जाता है ताकि पहलवान चोटिल न हो। इस विधि से मिट्टी एक श्रेष्ठ एंटीसेप्टिक दवा बन जाती है।

# सैंट एसआरएस स्कूल की प्रावीण्य सूची में आई छात्राओं ने भविष्य का लक्ष्य साझा किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की राज्य एवं जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाली छात्राओं ने अपने भविष्य के लक्ष्य को बड़ी बेबाकी से सामने रखा। छात्राओं ने जहां अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और अपने स्कूल के शिक्षकों को दिया है। होनहार छात्राओं से की बातचीत के प्रमुख अंश.।हाईस्कूल की राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान हासिल करने वाली छात्र तान्या शर्मा ने बताया कि उन्हें पहले से ही राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने की उम्मीद थी।

वह गणित विषय को लेकर बारहवीं करेंगी, बाद में एनडीए की परीक्षा में शामिल होकर देश सेवा और लड़कियों के हित में सतत कार्य करना चाहेंगी। तान्या बताती है कि उन्होंने एक साथ ज्यादा पढाई न कर नियमित रूप से संतुलित पढाई की है। अच्छी सफलता के लिए नियमित अभ्यास एवं अन्य गतिविधियों में शामिल होना चाहिए।हायर सैकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची कला संकाय में प्रथम स्थान हासिल करने वाली शिफा खानम ने बताया कि वे पहले बीए करने के बाद यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी करेंगी। आर्थिक रूप से कमजोर पारिवारिक पृष्ठभूमि की शिफा खानम बताती हैं कि उन्हें प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आने की उम्मीद थी। वे अपनी सफलता का श्रेय शि क्षकों को देना चाहती हैं। वे अन्य छात्रों को बताना चाहती हैं कि कक्षा में शिक्षकों की बातों पर सतत फोकस करना चाहिए। जिला स्तरीय प्रावीण सूची में दूसरा स्थान बनाने वाली छात्रा निहारिका तिवारी ने बताया कि वे एमपीपीएससी परीक्षा की तैयारी करना चाहती हैं। वे डिप्टी कलेक्टर बनकर देश, प्रदेश और समाज की सेवा करना चाहती हैं। खासकर यह दिखाना चाहती हैं कि लडकियां हर क्षेत्र में काम कर सकती हैं।

वे अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों एवं भाई-बहनों को देना चाहती हैं। उनका कहना है कि पढाई परीक्षा को लेकर नहीं बल्कि नियमित प्रक्रिया होनी चाहिए। गुरूओं के मार्गदर्शन को लगातार प्राप्त करना चाहिए।

### जिला स्काउड गाइड के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# देश के युवाओं के बिना देश के सुनहरे भविष्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती: हरिहर







**विद्यालय की छात्राओं को शील्ड, प्रमाण पत्र वितरित कर किया सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

गुरूवार को शासकीय सी.एम राईस विद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग के आदेशनुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला स्काउट गाइड के सचिव हरिहर चतुर्वेदी,जिला कार्डिनेटर अनीता सोनवाने,ब्लॉक कार्डिनेटर ज्योति यादव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी, प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला स्काउट सचिव हरिहर चतुर्वेदी ने छात्रों को मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य होने के साथ-साथ विकास में महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। देश का भविष्य युवाओं से ही बनता है। एक-एक वोट अनमोल है। सबको मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। आपके वोट विकास में भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। देश के युवाओं के बिना देश के सुनहरे भविष्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उनको मतदान मे उत्साह के साथ भाग लेना चाहिए। देश का हर एक नागरिक मतदान करें। मतदान करके ही हम लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं। यही मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उदेश्य है। आज का युवा देश का भविष्य हैं उन्हें देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जानकारी होनी चाहिए और मतदान के अधिकार का उपयोग करना चाहिए। आज भी देश में एक ऐसा वर्ग है जिनको वोट देने का अधिकार तो मिला है लेकिन वह मतदान नहीं करते। यह सोच बदलने कि जरूरत है।

वही उन्होने छात्र-छात्रों को मतदान की शपथ दिलाई। साथ ही विद्यार्थियों को लोकतंत्र के महत्व, नागरिकों के मौलिक अधिकार, वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया एवं वोटर कार्ड संबंधी एप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही अतिथियो द्वारा विद्यालय में बनाए गए मतदाता जागरूकता सैल्फी पाइंट पर अपनी सेल्फी ली।



**छात्र-छात्राओं का किया सम्मान**

*स्वीप गतिविधि के अंतर्गत छात्राओं ने विद्यालय परिसर में रंगोली,पोस्टर मैकिंग एंव मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथियो द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में कॉमर्स में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करनी वाली सिरोंज के ग्राम चाठौली निवासी छात्रा मुस्कान दांगी एंव विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सोनम शर्मा,द्वितीय स्थान परयुल जैन एंव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सील्ड एंव प्रमाणपत्र वितरित कर छात्र-छात्रों का सम्मान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के नवीन सुरक्षा गार्ड कक्ष का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर बडी संख्या में छात्र-छात्राए एंव विद्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।*

### सर्वसम्मति से किया चयन

## हम्माल तुलावट यूनियन संघ के अध्यक्ष बने अजीम



**सिरोंज।** हम्माल तुलावाट यूनियन संघ के अध्यक्ष अजीज मौलाना का देहांत हो जाने के बाद यह पद खाली हो गया था। जिसको ध्यान में रखते हुए चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई जो कि कृषि उपज मंडी के बेगमबाग में एक बैठक रखी गई इसमें सभी हम्माल एवं तुलावट शामिल हुए। बैठक में चर्चा के दौरान हम्माल तुलावट संघ के संरक्षक कमर हाफिज द्वारा अजीम खान का नाम अध्यक्ष के लिए हम्माल तुलावटों के बीच रखा गया। इसको सभी ने स्वीकार किया एवं सभी की सर्व सहमति से अजीम खान को कृषि उपज मंडी हम्माल तुलावट संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

गौरतलब हो कि यूनियन का चुनाव होना था और सभी को लगा था की इस बार हाफिज शम्स कमर हम्माल तुलावट यूनियन का अध्यक्ष का चुनाव लड़ेगे लेकिन उन्होंने अपने छोटे भाई का नाम रखकर सबको चौका दिया और उन्होंने अपने छोटे भाई अजीम खान का नाम रखा। जिस पर सभी ने अपनी सहमति दी और अजीम खान को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही नियुक्ति के बाद व्यापार संघ द्वारा फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर अज़ीम खान एंव कमर हाफिज का स्वागत किया गया। इस मौके पर व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहां कि हमें उम्मीद है कि आप सभी हम्माल तुलावट एवं व्यापारियों को साथ लेकर चलेंगे हम भी आपके सहयोग के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। इस मौके पर व्यापारी राजेश मित्तल,लोकेश जैन,अमीर माविया आदि लोग उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन ने गाय को मारी टक्कर

### संत सुधा सागर गोशाला की टीम ने किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



बुधवार की रात्रि लटेरी-गुना बायपास रोड पर एक अज्ञात वाहन चालक द्वारा गाय को टक्कर मार दी गई। एक्सीडेंट में गाय का पेट कट जाने से गाय की किडनी व गॉल ब्लैडर बाहर निकल गया। वही गाय के एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही संत सुधा सागर गौशाला के सदस्य मौके पर पहुचें और गाय की हालात देखते हुए गौशाला सदस्यों ने लोडिंग ऑटो वाहन के माध्यम से गाय को गौशाला लाया गया और गाय का उपचार कर किडनी व गॉल ब्लैडर अंदर कर टांके लगाए गए।

## प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

**शमशाबाद।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 सागर की सामान्य प्रेक्षक अंजलि शेरावत ने विधानसभा शमशाबाद के मतदान केन्द्र शमशाबाद, पीपलखेड़ा, सतपाडा सराय, पीपलधार, तिनसियाई का निरीक्षण किया। क्षेत्र के एसडीएम व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अजय प्रताप सिंह पटेल ने केन्द्रों की जानकारियों से अवगत कराया है। इस अवसर पर तहसीलदार दीपक द्विवेदी, नगर निरीक्षक जसवंत सिंह मीणा, प्रधानाध्यापक कमलेश सेन, मांगीलाल माहेश्वरी, अरविंद जैन सहित कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# लोकसभा निर्वाचन ऑब्जर्वर अंजली शेरावत ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

### सीएम राइज स्कूल में बनाए गए सेल्फी पाइंट पर ली सेल्फी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज




7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में कराने तथा शत प्रतिशत मतदान को लेकर गुरूवार को ऑब्जर्वर अंजली शेरावत ने रिटार्निग ऑफिसर एसडीएम हर्षल चौधरी के साथ स्ट्रांग रूम पहुचकर मतदान साम्रगी का जायजा लिया।

साथ ही शहर के विभिन्न मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर मौजूद मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। वही ऑब्जर्वर अंजली शेरावत ने शासकीय सी.एम राईस स्कूल पहुचकर मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया और स्कूल में बनाए गए सैल्फी पांइट पर अपनी सैल्फी ली। रिर्टानिंग ऑफिसर एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि मतदान केंद्र पर मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखें। मतदान केंद्र पर भवन, शौचालय, बिजली, पानी की व्यवस्था अत्यंत जरूरी है। इस दौरान तहसीलदार संजय चौरसिया,सिचाई विभाग एसडीओ जयश विजयवर्गीय,प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार आदि मौजूद रहे।

## जन आशीर्वाद यात्रा में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत

**ग्यारसपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा सांसद प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ग्यारसपुर क्षेत्र में ग्राम मानोरा, औलिजा, ग्यारसपुर हिम्मतपुर, कोलुआ, मडिया, धामनोद, बहलोट ,सेमरा टप्पा दैयरपुर में आशीर्वाद यात्रा के दौरान पहुंचे। उनका जगह-जगह बीजेपी के कार्यकर्ताओं एवं लाडली बहनों के द्वारा स्वागत किया गया। पूर्व सीएम ने ग्यारसपुर को नगर पंचायत बनाने एवं ग्यारसपुर हैदरगढ़ क्षेत्र में सिंचाई के लिए छोटे बड़े सभी प्रकार के बांध बनाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि ग्यारसपुर एवं हैदरगढ़ क्षेत्र में संपूर्ण विकास की जिम्मेदारी मेरी रहेगी। हम सब मिलकर गांव-गांव का विकास करेंगे। जरूरत पड़ी तो दिल्ली से भी विकास के लिए राशि लेकर आऊंगा। बामोरा मोहल्ला ग्यारसपुर की महिलाओं द्वारा शिवराज सिंह चौहान स्वागत किया गया।

# 308 दल सामग्री के साथ बूथ पर हुए रवाना, आज मतदान

### केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी




**बरेली।** होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली उदयपुरा -बरेली विधानसभा क्षेत्र के 308 मतदान केंद्रों पर आज मतदान होगा ।

पालिटेक्निक कॉलेज समनापुर जागीर बरेली में गुरूवार को दिन भर सामग्री वितरण का कार्य चलता रहा । सामग्री वितरण के दौरान कलेक्टर अरविन्द दुबे एवं एसपी विकास शहवाल की उपस्थिति रही । 308 मतदान केंद्रों में से 132 मतदान केंद्र क्रिटिकल होने से वहां सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई है। डाक्टरों की टीम द्वारा चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का मेडिकल टेस्ट भी किया गया । वर्तमान समय में भीषण गर्मी , तीव्र धूप का प्रकोप बना हुआ हैं। मतदान केंद्रों के बाहर धूप से बचने छाया , पीने के पानी इत्यादि की भी व्यवस्थाएं की गई हैं।

मतदान दलों को केंद्रों तक भेजने के लिए 81 यात्री बसों एवं एक ट्रेक्टर -ट्राली की व्यवस्था की गई हैं। जिसमें बैठकर मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं सहयोगी कर्मचारी रवाना हुए । 26 अप्रैल सभी 308 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण स्वतंत्र और निषपक्ष मतदान हो इसके कलेक्टर दुबे द्वारा निर्देश दिए गए । कलेक्टर दुबे एवं एसपी विकास शहवाल क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं।

# आज ही विवाह व बारातों की अधिकता और सासंद चुनने के लिए मतदान, वाहनों के अधिग्रहण से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली




शुक्रवार का दिन दो कारणों से अति महत्वपूर्ण हो गया हैं , पहला तो सुबह से लोकतंत्र के महापर्व में सासंद चुने जाने के लिए मतदान होना हैं।

दूसरा कारण सबसे अधिक विवाहों के मुहूर्त हैं। जिसमें एक से दूसरे स्थानों पर विवाह -बारातों में सम्मिलित होने के लिए भागमभाग की स्थिति रहेगी । मतदान दलों को केंद्रों तक पहुंचाने और लाने के लिए यात्री बसों स्कूल बसों के साथ प्रायवेट वाहनों को अधिग्रहण किया गया हैं। जिससे गुरूवार एवं आज शुक्रवार को यातायात की भारी परेशानियां भोगना लोगों की मजबूरी बना रहा । गुरू एवं शुक्र के अस्त होने से अगले 2 माह तक विवाह के मुहूर्त नहीं हैं। अक्षय तृतीया पर सबसे अधिक विवाह हुआ करते थे। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर भी विवाह -बारातों पर ग्रहण रहने की स्थिति बनी हैं। शुक्र ग्रह का उदय जुलाई में होने से कुछ ही विवाह मुहूर्त है जब बादल आंधी बारिश की परेशानियों एवं जोखिम उठा कर कुछ ही परिवार विवाह करने का साहस जुटा पाएगें । इसी कारण नगर एवं क्षेत्र में प्रतिदिन दर्जनों विवाहों की धूम मची हुई हैं। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण फसल कटाई के बाद किसानों के पास राशि आने पर ही किसानों द्वारा अपने पुत्र - पुत्रियों के अधिक विवाह किए जाने की परंपरा हैं।

पिछले अनेक दिनों से नगर एवं क्षेत्र मं एक -एक दिन में भारी संख्या में विवाह- बारातें लग रही है । ऐसा कम ही हो जिस दिन मतदान है उसी दिन सबसे अधिक विवाह -बारातें लगने की स्थिति हो । 26 अप्रैल को सुबह से शाम तक मतदान होना हैं। आज ही क्षेत्र में सैंकड़ों विवाह हैं, जिनमें सम्मिलित भी होना हैं। इसलिए आज का दिन विशेष बन गया हैं। वाहनों के चुनाव ड्यूटी में अधिग्रहण से यात्री बसों की संख्या कम होने से एक से दूसरें स्थान पर पहुंचना परेशानियों भरा हो सकता हैं। गुरूवार को हाट- बाजार में ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की बहुत कम उपस्थिति से ग्राहकी ठंडी रही । सिर्फ कपड़ों की दुकानों, सर्राफा दुकानों पर भीड़ का नजारा रहा । किराना , सब्जी दुकानों पर सन्नाटा छाये रहने की स्थिति रही ।

### विवाह करो या कन्यादान। उसके पहले करो मतदान।।

## शादी वाले घर-घर जाकर स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने मतदान करने के लिए दिए पीले चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



दमोह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने बाले विकासखण्ड, देवरी, केसली, रहली, बण्डा, शाहगढ़ में 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होना है चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशन में लगातार अनेक गतिविधि आयोजित की जा रही है, स्वीप नोडल पी. सी. शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिन घरों में विवाह है वह भी सभी मतदान करे, मतदान के बाद विवाह उत्सव में भाग ले। इसके लिये राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों एव ग्राम संगठनों द्वारा कल के मतदान बाले क्षेत्रो में प्राथमिकता से विवाह आयोजन बाले घरों में जाकर सभी सदस्यो को व दूल्हा/दुल्हन को पीले चावल दिये व अपील की पहले मतदान फिर विवाहउत्सव मनाए।

### 5000 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान कराने में बनेंगे सहभागी

# दमोह संसदीय क्षेत्र बंडा, देवरी, रहली में आज होगा मतदान 7 लाख से अधिक मतदाता 846 मतदान केंद्र पर डालेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दमोह संसदीय क्षेत्र में शामिल सागर जिले के 3 विधानसभा क्षेत्र में आज 7 लाख से अधिक मतदाता 846 मतदान केन्द्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 846 मतदान केन्द्रों पर मतदान संपन्न कराने में 5000 से अधिक अधिकारी कर्मचारी अपनी सहभागिता पूर्ण करेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इसके पहले मॉक पोल भी करवाया जायेगा। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। सभी मतदान केन्द्रों पर भी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सीएपीएफ के जवान भी क्षेत्र में तैनात रहेंगे।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत 26 अप्रैल को दमोह संसदीय क्षेत्र-7 का निर्वाचन किया जाना है। जिसके अंतर्गत सागर जिले की तीन विधानसभा रहली, बंडा, देवरी के 7 लाख 14 हजार 145 मतदाता 846 मतदान केन्द्रों पर वोट डालेंगें। आर्य ने बताया कि दमोह लोकसभा क्षेत्र में सागर जिले के देवरी विधानसभा क्षेत्र में 255 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 64 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन हैं। 191 सामान्य तथा 43 मतदान केंद्र महिला-पुरुष मतदान अधिकारी कर्मचारी के द्वारा मतदान करने के लिए बनाए गए हैं। 8 मतदान केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे, जबकि 23 मतदान केन्द्रों पर सेक्टर ऑफिसर तैनात रहेंगे। इसी प्रकार पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 11 महिला मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। 192 मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। 7 मतदान केन्द्रों की वीडियो ग्राफी कराई जाएगी। जबकि 30 मतदान केंद्र पर माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि देवरी के 255 मतदान केन्द्रों पर 114738 पुरुष मतदाता जबकि 10838 महिला मतदाता कुल 2 लाख 18 हजार 576 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार रहली विधानसभा क्षेत्र में 300 मतदान केंद्र हैं, जिसमें 89 क्रिटिकल मतदान केंद्र, एक वल्नरेबल मतदान केंद्र, 211 सामान्य मतदान केंद्र और 85 महिला पुरुष मतदान अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा मतदान करने के लिए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 7 मतदान केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। जबकि 29 मतदान केंद्र पर सेक्टर ऑफिसर तैनात रहेंगे। पांच आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जबकि 15 महिला मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 225 मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग की जाएगी। जबकि पांच मतदान केन्द्रों पर वीडियोग्राफी एवं 32 मतदान केन्द्रों पर माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया की रहली के 300 मतदान केन्द्रों पर एक लाख 28112 पुरुष, 116412 महिलाएवं दो अन्य कुल 244526 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

कलेक्टर आर्य ने बताया 42 बंडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 291 मतदान केंद्र तैयार किए हैं। जिनमें 133524 पुरुष 117517 महिला एवं दो अन्य मतदाता कुल 2 लाख 51 हजार 43 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । उन्होंने बताया कि 291 मतदान केन्द्रों में सी 64 क्रिटिकल मतदान केंद्र।

प्रधानमंत्री सड़क योजना की जांच हुई तो लाखों का निकला घोटाला

# अमरावद से डूबतलाई मार्ग की प्रधानमंत्री सड़क योजना बनी भ्रष्टाचार की पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



बाड़ी विकासखंड के अंतर्गत आने वाला अमरावद से डूबतलाई मार्ग पर सड़क है यह दिखाई नहीं देता लेकिन प्रधानमंत्री सड़क योजना से बनी यह सड़क यह बताने के लिए काफी है की जमीनी स्तर पर सड़क निर्माण की गुणवत्ता परखने वाले जांच और निरीक्षण अधिकारी भ्रष्टाचार की पाठशाला के विद्यार्थी के रूप में काम कर रहे हैं।

निर्माण एजेंसी ने कार्य आदेश को दरकिनार कर जो सड़क निर्माण का कार्य किया है उससे यह तो स्पष्ट हो गया की बाड़ी विकासखंड में प्रधानमंत्री सड़क योजना भ्रष्टाचार की पाठशाला बन चुकी। जब इस योजना में इतना भ्रष्टाचार है की सड़क खाई के रूप में तब्दील हो चुकी है तो जो प्रधानमंत्री सड़क योजना का निर्माण कार्य निर्माण एजेंसी ने किया है क्या उसे पर कठोर कार्रवाई होना चाहिए या नहीं। सवाल यह भी उठ रहा है निर्माण एजेंसी में सहयोगी भूमिका में अधिकारी ने किस तरीके से शासन कार्य आदेश का उल्लंघन कर घटिया निर्माण कार्य किया है। उससे यह प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भी 50-50 का खेल चल रहा है यानी 50% काम सड़क पर किया जाए और 50% अधिकारियों में रिश्वत के तौर पर बांटा जाए यह सड़क निर्माण की तस्वीर खुद बता रही है कि भ्रष्टाचार कैसे किया जाता है। सड़क निर्माण की बोलती तस्वीर के साथ वास्तविक हकीकत से हम जनता को रूबरू कर रहे हैं ।

### सड़क पर गड्ढे या गड्ढे में सड़क

जमीनी हकीकत नहीं रखने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना पर भ्रष्टाचार का ग्रहण लग गया है। ग्रामीण अंचल में निर्माण एजेंसी और प्रधानमंत्री आवास योजना का काम देखने वाला सिस्टम भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा हुआ है यह मार्ग भारी गढ़ों में तब्दील हो गया है। इस मार्ग पर डामरीकरण है परंतु सड़क निर्माण एजेंसी की जो गारंटी है उसकी पूरी तरीके से हवा निकल गई। अब अधिकारी इस निर्माण कार्य पर अपनी प्रतिक्रिया देने से बच रही यहां के लोग कहते हैं आप प्रधानमंत्री निर्माण योजना में भी गारंटी का कोई काम नहीं है। लोग तो यह भी कह रहे हैं भ्रष्टाचार के युग में के युग मैं गारंटी का कोई काम नहीं है।

### सीमेंट से भरा ट्रक सड़क के गड्ढे में

यह मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना से इसका निर्माण हुआ है। हालत क्या है तस्वीर खुद बोल रही है। अमरावद कला में बन रहे हॉस्पिटल निर्माण में सीमेंट ले जा रहे ट्रक प्रधानमंत्री आवास सड़क पर फंस गया। यानी गड्ढे में चला गया यह निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किया गया है। हम आपको ट्रक का छायाचित्र बता रहे हैं ट्रक अभी भी गड्ढे में ही है और निर्माण एजेंसी का मालिक मजे में यानी प्रधानमंत्री सड़क योजना की जांच करने के लिए आयोग के गठन की मांग लोगों ने की है ।

अमराबद डूब तलाई ग्राम के लोगों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना में भारी भ्रष्टाचार और प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य देख रहे अधिकारियों पर खुला भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है उन्होंने जिला कलेक्टर रायसेन और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को पत्र लिखकर इस निर्माण कार्य की सीबीटी से जांच करने की मांग की है।

# धारदार हथियार से की युवक की हत्या घर के बाहर आंगन में सो रहा था मृतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के वार्ड-10 पंप हाउस टोहरिया पर बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात अपने घर के आंगन में सो रहे युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुलतानपुर पहुंचाया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रेम सिंह आदिवासी 30 साल अपने निवास वार्ड 10 पंप हाउस टोहरिया पर रात को आंगन में सो रहा था तभी किसी ने गर्दन पर हथियार मारकर हत्या कर दी सुबह जब परिजन जागे तव उन्हे प्रेम सिंह लहू-लुहान पलंग पर मिला तत्काल ही उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। परिजनों के अनुसार उनके बड़े दामाद कोमल सिंह निवासी ग्राम कढ़ैया की बाइक स्प्लेंडर एमपी 04 वीसी 8145 उनके ग्राम से चोरी हो गई। यह पूरा मामला 19 नवंबर 2023 की रात का है जब कोमल सिंह ने सुबह उठकर देखा तो गाड़ी घर से गायब थी जिसकी सूचना 23 नवंबर 2023 को कोमल सिंह द्वारा सुल्तानपुर थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया गया। वही 4 /12/ 2023 को गाड़ी के क्लेम का आवेदन दिया गया। परिजनों ने बताया कि 4 माह बीत जाने पर भी पुलिस ने गाड़ी की खोजबीन नहीं की, आज से कुछ दिन पूर्व मेरी बड़ी बेटी और दामाद इलाज के लिए जा रहे थे साथ ही मृतक प्रेम सिंह भी था तभी उसने चोरी गई बाइक को देख पीछा कर गाड़ी को रोक लिया और पुलिस को सूचना दी गाड़ी पकड़े जाने पर गाड़ी चालक घनश्याम और मृतक प्रेम सिंह के बीच हाथापाई हुई पुलिस को आता देख घनश्याम धमकी देकर फरार हो गया गाड़ी को पुलिस थाने लेकर आई और अभी तक घनश्याम पर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिस कारण यह घटना घटी है। वहीं इस मामले पर पुलिस थाना प्रभारी रंजीत सराठे कहना है कि हमने बाइक बरामद कर आरोपी पर कार्रवाई की है।

# शहर में नगर पालिका ने निकाली मतदाता जागरूकता बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

लोकसभा आम निर्वाचन में अधिकाधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रायसेन में नगर पालिका परिषद द्वारा बाईक रैली निकाली गई।

इस जागरूकता रैली को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय परिसर से एसडीएम पीसी शाक्या द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह बाईक रैली नगर के मुख्य मार्गो तथा वार्डो में पहुंची तथा समापन खेल स्टेडियम में हुआ। बाईक रैली के समापन अवसर पर सभी को आगामी 07 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। रैली में सीएमओ रायसेन सुरेखा जाटव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। लोकसभा आम निर्वाचन में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है।

# जमीन से 8 फीट की ऊंचाई पर लटक रही बिजली केवल, कभी भी हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीवानगंज के सागोनी वाले रास्ते पर बिजली केवल मात्र जमीन से 8 फीट की ऊंचाई पर लटक रही है इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है बिजली केवल लोगों के सिर पर लटक रही हैं। हालत ये है कि कई जगह ये बिजली केबल इतने नीचे लटके हैं कि हाथ बढ़ाकर इन्हें छू सकते हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।


इसको लेकर लोग विभागीय अधिकारियों के पास कई बार चक्कर लगा चुके हैं। फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। दीवानगंज तालाब के पास रहने वाले ग्रामीणों ने बताया कि हमने कई बार बिजली कर्मचारियों से केवल ऊंची करने को कहा है मगर एक साल से ज्यादा समय हो गया अभी तक केवल ऊंची नहीं की गई है। जहां बिजली केवल लटक रही है उस जगह पर पहले एक खंबा गड़ा हुआ था ट्रैक्टर ट्रॉली अड़ जाने के कारण खंभा टूट गया था टूटे हुए खंबे को एक साल पहले हटा दिया गया था। फिर बाद में उस जगह पर खंबा नहीं गड़ाया गया।

तब से आज तक बिजली केबल जमीन से मात्र 8 फीट की ऊंचाई पर लटक रही है। जबकि इसी रोड से कई किसान के ट्रैक्टर ट्राली रोज निकलते हैं निकलते समय ट्रैक्टर ट्रॉली से केवल से टकरा जाती है। जब हवा चलती है तो केवल हवा में इधर-उधर लहराती रहती है कभी बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। बिजली विभाग के कर्मचारी जो केवल नीचे लटक रही है उस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जो कभी भी हादसे का कारण बन सकती है। विभागीय अधिकारी जानबूझकर इससे बेपरवाह बने हुए हैं।

### बाड़ी में आज करेंगे रोड शो शिवराज सिंह चौहान

**बाड़ी.** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री विदिशा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान आज दिनांक 26 अप्रैल को बाड़ी नगर में एक रोड शो के माध्यम से जनता का जन आशीर्वाद लेंगे यह आयोजन शाम 4:30 बजे एक विशाल रोड शो ब्रिज से चिंतामन चौराहे से होता हुआ नया बस स्टैंड तक पहुंचेगा यह जन समर्थन रोड शो के लिए भाजपा के कार्यकर्ता इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस मार्ग पर सभी व्यापारी एवं आमजन से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान आशीर्वाद और जन समर्थन मांगेंगे और भाजपा के पक्ष में मतदान करने और जन आशीर्वाद के माध्यम से आशीर्वाद देने की बात कहेंगे इस रोड शो के समापन के अंत में नया बस स्टैंड पर एक आम सभा आयोजित की जाएगी।

# चौराहों पर एनएचएआई द्वारा लगाई जा रहीं हाईमास्ट लाइट




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भोपाल-सांची के बीच के तिराहों और चौराहों पर एनएचएआई द्वारा नई-नई हाईमास्ट लाइट लगवाई जा रही हैं।

इससे रात के समय पर्याप्त रोशनी रहने से वाहनों की आवाजाही सुगमता से हो पाएगी और रात को होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। हाई मास्ट लगाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। इसके तहत सीसी फाउंडेशन बनाकर पोल भी खड़े कर दिए गए हैं। अब उनमें लाइट भी लग चुकी है। एनएच -146 पर पड़ने वाले तिराहे और चौराहे सफेद रोशनी से रोशन होने लगेंगे।

# बाड़ी में मतदाता जागरूकता की अनोखी पहल, विवाह में दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी




रायसेन जिले की बाड़ी नगर में एक विवाह ऐसा भी देखने को मिल रहा है, जिसमें विवाह की हर रस्म में मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है. विवाह के दौरान दूल्हा हाथों में मतदाता जागरूकता का बैनर लेकर लोगों को जागरूक करते नजर आए. यह विवाह बाड़ी में सम्पन्न होने जा रहा है। लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान आज से प्रारम्भ ही रहा है। ऐसे में जिले सहित पूरे प्रदेश में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन अब सरकार के साथ साथ आम जनता भी अलग अलग तरीकों से मतदाताओं को जागरूक करने प्रयास कर रहे हैं. ऐसा ही एक प्रयास रायसेन जिले के बाड़ी नगर में देखने को मिला है। जहां विवाह के दौरान लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का प्रयास किया है।

जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अनोखी पहलः रायसेन जिले में बाड़ी नगर में अनोखे ढंग से विवाह को संपन्न हो रहा है, जो कि पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है. विवाह के दौरान हर रस्मों में मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है. इस दौरान दूल्हा हाथों में मतदाता जागरूकता के फ्लेक्स लेकर मतदाताओं को जागरूक करते नजर आ रहा है. यह अनोखी पहल तहसीलदार प्रमोद उइके एवं नगर परिषद सीएमओ निरुपमा एस यादव के मार्गदर्शन मे की जा रही है। तहसीलदार प्रमोद उईके ने बताया, विवाह स्थल एक ऐसी जगह होती है, जहां वर वधु के साथ उनके परिवार और परिवारों से जुड़े हुए आसपास के सैकड़ों लोग शामिल होते हैं. यहां भी शादी में आसपास के सैकड़ों लोग शामिल होते हैं तो हर रस्मों में मतदाता जागरूकता के संदेशों को भी शामिल किया गया. ऐसा करने से यह एक अनोखा विवाह भी बन गया.₹ इस विवाह को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने रायसेन जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह अनोखी पहल की है। शत प्रतिशत मतदान का रखा लक्ष्यः शादी की रस्मों के बीच दूल्हा दुल्हन ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया. इस दौरान तहसीलदार प्रमोद उइके ने वर-वधु को दाम्पत्य जीवन की बधाई दी और उनसे अपील कर कहा कि मतदान जरूर करें।

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे हैं खेल की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेठ अमरचंद्र समैया शासकीय सीएम राइज स्कूल के खेल मैदान पर समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कैंप में सुबह व शाम की दो पाली में पहुंच रहे स्कूली बच्चे कबडडी व वॉलीबाल खेल की बारीकियों में पारंगत होने का प्रयास कर रहे है।

खेल युवा कल्याण विभाग के जिलाधिकारी जलज चतुर्वेदी के निर्देषन में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसका आरंभ 20 अप्रैल से किया गया, जो कि 10 मई तक संचालित होगा। समर कैंप के इस आयोजन में कबडडी व वॉलीबॉल खेल में बच्चो को प्रशिक्षण किया जा रहा है खेल युवा कल्याण विभाग के ब्लाक समन्वयक कमलेष जाटव ने बताया कि सुबह व शाम की दो पाली में समर कैंप आयोजित किया जा रहा है, जिसका समापन 10 मई को किया जाएगा, 6 से 17 साल तक के बच्चे समर कैंप में सहभागिता कर सकते है।

खेलो में बच्चो को प्रषिक्षित किए जाने का कार्य लगातार जारी है,जो बच्चे समर कैंप में नही आ पा रहे है वह इसके बाद भी मैदान पर आकर खेल की बारीकिया सीख कर खेलो में पारंगत हो सकते है। खेल प्रशिक्षण कमलेश जाटव, उवेष खान, योगेश कुलकर्णी आदि के द्वारा खेल मैदान पर मौजूद रह कर समर कैंप में सहभागिता कर रहे बच्चो को कबडडी व वॉलीबाल खेल की बारीकियां बता कर पारंगत किया जा रहा है। ज्ञात रहे कि संसाधनो के अभाव के बावजूद भी अनेक स्कूली बच्चे अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में सहभागिता कर बेहतर प्रदर्षन के आधार पर पुरुष्कार प्राप्त कर नगर व जिले का नाम रोशन कर चुके है।

# कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17-होशंगाबाद में शामिल रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा में मतदान सामग्री प्राप्त होने के उपरांत मतदान दलों का वाहनों के माध्यम से संबंधित मतदान केन्द्रों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।

उदयपुरा विधानसभा के 308 मतदान केन्द्रों पर 26 अप्रैल को मतदान सम्पन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे तथा पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल द्वारा उदयपुरा विधानसभा के डूमर, बारना बरेली, महेश्वर, बाग पिपरिया, अलीगंज, सोजनी सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों से उनके ठहरने, भोजन, पानी आदि व्यवस्थाओं आदि के बारे में संवाद किया। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने मतदान दलों से कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचितापूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराना है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदाता पर्ची के साथ फोटो युक्त मतदाता परिचय पत्र लाना अनिवार्य है। मतदाता की पहचान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य पहचान पत्र भी ला सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों से मतदान के पूर्व मॉकपोल करने, मतदान केन्द्र में मोबाईल पूर्णतः प्रतिबंधित करने, ईवीएम संचालन, वोटिंग कम्पार्टमेंट, मतदान दलों व निर्वाचन अभिकर्ता के बैठने की जगह आदि के संबंध संवाद कर दिशा-निर्देश दिए।

# नप ने प्रचार गीत बजाकर लोगों से मतदान का किया आग्रह

## लोकसभा निर्वाचन में अधिकाधिक मतदान हेतु चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी




लोकसभा आम निर्वाचन में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला,रंगोली, पोस्टर,मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में विधानसभा मुख्यालय सिलवानी में नगर परिषद कर्मचारियो के द्वारा सीएमओ सुनील जैन के नेतृत्व में स्वीप प्लान के तहत नगर कें साप्ताहिक बाजार में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। इस दौरान नप कर्मचारी डोर टू डोर साप्ताहिक बाजार में लगी दुकानो पर पहुचे तथा संबिधान में प्राप्त मतदान के अधिकार को विस्तार से बताया तथा सौ फीसदी मतदान करने के लिए जागरुक किया, इसके अतिरिक्त बाजार में खरीदारी कर रहे आम आदमी से भी संवाद कर 7 मई को होने वाले लोकसभा के लिए तृतीय चरण मे होने जा रहे चुनाव में मतदान करने को प्रेरित किया। रैली में शामिल नप के सूचना बाहन के द्वारा जागरुकता गीत बजा कर भी मतदान करने जागरुक किया गया। नगर परिषद कार्यालय से प्रारंभ हुई मतदाता जागरुकता रैली मुख्य मार्ग से होती हुई बजरंग चौराहा पहुंची, यहां पर मौजूद नागरिको से भी संवाद कर मतदान को प्रेरित किया। रैली प्रारंभिक स्थल पर पहुंच कर समाप्त हो गई। गौरतलब रहे कि लोकसभा चुनाव में सौ फीसदी मतदान को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। अधिक मतदान को लेकर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है, प्रत्येक वोट जरुरी है पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 21 हजार तथा तृतीय 11 हजार रुपए रखा गया है। इसके अतिरिक्त चयनित 10 प्रतिभागियो को 5 हजार 1 सौ रुपए का विशेष पुरस्कार भी दिया जाएगा। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।